हमेशा अपनी कमाई का 30%बचाएं : प्रो. कांकाणी

बड़ा सपना देखें और सकारात्मक रहें, भविष्य की जरूरतों के लिए करें बचत

नवभारत ब्यूरो। रायपुर।

आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार कांकाणी ने मई दिवस पर विचार साझा करते हुए कहा कि बड़ा सपना देखें और सकारात्मक रहें।

उन्होंने कहा कि चाहे राशि छोटी हो या बड़ी, हमेशा अपनी कमाई का 30 प्रतिशत बचाएं। प्रो. कांकाणी ने कहा कि विशेष रूप से आपात स्थिति की दृष्टि से और सेवानिवृत्ति योजना की दृष्टि से 30% बचत आपकी भविष्य की नकदी जरूरतों को पूर्ण करने के लिए सहायक होगा। मई दिवस पर प्रो. कांकाणी के विचार की सभी विद्यार्थियों, प्राध्यापकों, आईआईएम से जुड़े लोगों ने सराहना की।

ऐसे अवसरों के लिए बचत करनी चाहिए

अर्थशास्त्री प्रो. कांकाणी ने कहा कि हमारे जीवन में बड़ी मात्रा में नकदी के बहिर्वाह के पांच कारण हैं। परिवार में किसी सदस्य का जन्म, परिवार में किसी सदस्य की मृत्यु, परिवार में किसी सदस्य का विवाह, चिकित्सा लागत और परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य देखभाल की जरूरतें और बड़े त्योहार मनाना। हमें ऐसे अवसरों के लिए बचत करनी चाहिए।

Navbharat, 02nd May, 2023,P.01. (My City) (1)